# कार्यालय प्रभागीय निदेशक सामाजिक वानिकी वन प्रभाग, बाराबंकी।

पत्रांक 248 / 14–4–4 बाराबंकी,दिनांक 15/7/2015

सेवा में,

मुख्य वन संरक्षक/नोडल अधिकारी
उ0 प्र0, लखनऊ।

विषयः– बाराबंकी–देवां–फतेहपुर मार्ग किमी0 2–3 के मध्य दायी तरफ दाहिने भेड़हानाले पर पुलिया निर्माण एवं उसके पहुँच मार्ग के निर्माण हेतु 0.285 हे0 संरक्षित वन भूमि के गैर वानिकी प्रयोग एवं उस पर अवस्थित 20 वृक्षों के पातन की अनुमति का प्रस्ताव ।

सन्दर्भः– आपके कार्यालय का पत्रांक– 40/11सी–बाराबंकी दिनांक 06–07–2015।

महोदय,

उपरोक्त विषयक संदर्भित पत्र के अनुपालन में अवगत कराना है कि उक्त प्रकरण में प्रस्ताव के साथ कतिपय सूचनायें /अभिलेखों में लगायी गयी आपत्तियों का निराकरण कर निम्न प्रकार प्रस्ताव को पूर्ण कर आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित है।

1– 1:50000 स्केल की पूर्ण टोपोशीट पर मार्ग का संरेखड़ प्रदर्शित कर पूर्ण टोपोशीट संलग्न कर दी गयी है।

2– प्रस्ताव के साथ संलग्न संयुक्त निरीक्षण रिपोर्ट में निरीक्षण कर्ता अधिकारियों का नाम व पदनाम अंकित कर दिया गया है।

3– प्रस्ताव के साथ संलग्न प्रभावित वृक्षों के विवरण में वृक्षों का वनस्पतिक नाम अंकित कर दिया गया है।

4– प्रस्तावित वन भूमि के शुद्ध वर्तमान मूल्य जमा करने की संशोधित बचन बद्धता प्रमाण पत्र प्रस्ताव के साथ संलग्न कर दिया गया है।

5– मक डिस्पोजल योजना प्रतिहस्ताक्षरित कर प्रस्ताव के साथ संलग्नक–35 के रूप में संलग्न कर दिया गया है।

6– वनाधिकार अधिनियम–2006 के अन्तर्गत भारत सरकार के नवीन दिशा निर्देश दिनांक 28–10–2014 के आलोक में जिलाधिकारी का सरलीकृत प्रमाण पत्र प्रस्ताव के साथ संलग्न कर दिया गया है।

7– पूर्व में प्रेषित प्रस्ताव के संलग्नक–8, 16 तथा 24 को आपके निर्देशानुसार संशोधित प्रस्ताव से पृथक कर दिया गया है।

अतः उपरोक्त सूचनाओं एवं अभिलेखों को पूर्ण कर संशोधित प्रस्ताव तीन प्रतियों में संलग्न कर आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित है।

भवदीय,

(हस्ताक्षर) 15/7

(पी0 पी0 सिंह)
प्रभागीय निदेशक
सा0 वा0 वन प्रभाग, बाराबंकी।

संलग्नकः–उपरोक्तानुसार।

संख्या 248 / उक्तदिनांकित।

1– प्रतिलिपि वन संरक्षक, सरयू वृत्त, फैजाबाद को उपरोक्त संदर्भित पत्र के क्रम में सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित।

2– प्रतिलिपि अधिशाषी अभियन्ता लोक निर्माण विभाग, निर्माण खण्ड–3 बाराबंकी को उनके पत्रांक 2116/1–काम दिनांक 14–07–2015 के क्रम में सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित।

(हस्ताक्षर)

(पी0 पी0 सिंह)
प्रभागीय निदेशक
सा0 वा0 वन प्रभाग, बाराबंकी।

त्रिभुवन /

Received three copy of proposal with letter 15/7/15